Regarding need for special relief package for farmers affected by natural calamities in Khandwa Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh- laid

श्री ज्ञानेश्वर पाटील (खण्डवा) **:** मैं अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय पर सरकार ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । जिसने मेरे संसदीय क्षेत्र खण्डवा के मेहनती अन्नदाताओं को बुरी तरह प्रभावित किया है । हाल ही में हुई अतिवृष्टि, भयंकर आंधी और तूफान ने किसानों की खड़ी फसलों को व्यापक रूप से बर्बाद कर दिया है । यह प्राकृतिक आपदा किसानों के लिए सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि उनके भविष्य पर एक बड़ा आघात है । सोयाबीन की फसलें पीली पड़ चुकी हैं, मक्का और ज्वार के दाने गल गए हैं, और सबसे बड़ा नुकसान केले , मिर्च और प्याज़ जैसी फसलों को हुआ है । कई किसान जिन्होंने बैंक से कर्ज लेकर खेती की थी, वे अब गहन संकट में हैं । हमारी मध्य प्रदेश की राज्य सरकार अपनी ओर से किसानों की सहायता कर रही है लेकिन वह पर्याप्त नहीं है । मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि NDRF के मानदंडों से हटकर, मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा के प्रभावित किसानों को तत्काल राहत देने के लिए कोई विशेष आर्थिक पैकेज आवंटित करने पर विचार किया जाये । मानक मुआवजा राशि किसानों के वास्तविक नुकसान की भरपाई के लिए अपर्याप्त है । मैं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जी से मांग करता हूँ कि इन अन्नदाताओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए, उन्हें संकट से उबारने के लिए ठोस और त्वरित कार्रवाई की जाए ।